दैनिक भारत कि
# तामीर
संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com
Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) वर्ष-२ ला अंक-५३ वा रविवार २३ नवंबर २०२५ RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 किमत : २ रूपये पन्ने - ४

# मुंबई सिर्फ अदाणी, लोढ़ा और कंबोज की नहीं है

## लोढ़ा ने टावर बनाते समय कितने मंदिर तोड़े?-सांसद वर्षा गायकवाड़

**जमीर काझी**
**मुंबईः मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक असलम शेख को बेवजह बदनाम कर रहे हैं। हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करके राजनीतिक रोटियाँ सेंकने का भाजपा का यह दांव है। साटम को मंगलप्रभात लोढ़ा के लिए असलम शेख को खोखली धमकियाँ देना बंद करना चाहिए और यह जवाब देना चाहिए कि टावर बनाते समय मंगलप्रभात लोढ़ा ने कितने मंदिर तुड़वाए? मुंबई सिर्फ अदाणी, लोढ़ा और कंबोज की नहीं है, यह कड़ा संदेश मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने दिया है।**

अमित साटम के संदर्भ में उन्होंने कहा, जिस मालवणी पैटर्न के नाम पर आप गला फाड़ रहे हैं, उसे पहले समझिए। जिन लोढ़ा के लिए आप असलम शेख को खोखली धमकियाँ दे रहे हैं, वही मालवणी पैटर्न के जनक हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, सभी जाति-धर्म के लोग जहाँ आपस में भाईचारे से रहते हैं, वही मालवणी पैटर्न है। इसके उलट एक खास समुदाय को छोड़कर मुंबई के मूल भूमिपुत्रों को भी लोढ़ा टॉवर में घर नहीं दिए जाते। लोढ़ा मालवणी के गरीबों के सिर से छत छीन रहे हैं। अम्बोजवाडी में भर बारिश में गरीबों के घर उजाड़ दिए थे। भाटी गाँव का हिंदू श्मशान तोड़ा। राठोड़ी में हिंदुओं को नोटिस तक नहीं देकर खुले में ला खड़ा करने वाले यही मंगलप्रभात लोढ़ा हैं।



आज ये मालवणी के सामाजिक सौहार्द को खत्म करने का काम कर रहे हैं। इसके खिलाफ मालवणी पैटर्न धर्मनिरपेक्षता की मशाल जला रहा है, जबकि भाजपा और अमित साटम बांग्लादेशी-रोहिंग्या का मुद्दा उठाकर मालवणी के हिंदुओं को बेघर कर रहे हैं। यह गंभीर आरोप गायकवाड़ ने लगाया।

मुंबई महानगरपालिका में प्रशासक के जरिए भाजपा-महायुती का ही सरकार है, राज्य में भी इनकी सरकार है, फिर भी मुंबईकरों की गाढ़ी कमाई लूटी जा रही है। मुंबईकरों की बुनियादी समस्याओं पर चुनाव लड़ना चाहिए, लेकिन साटम जैसे भाजपा वाले लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम विवाद पैदा कर रहे हैं। मुंबईकर उनका यह शैतानी खेल नाकाम कर देंगे, ऐसा भी उन्होंने कहा।

युवक कांग्रेस ने अमित साटम के दफ्तर पर दी दस्तक

अमित साटम ने विधायक असलम शेख के लिए बेहद नीच स्तर की भाषा इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान की औलाद कहा था। इसके विरोध में मुंबई युवक कांग्रेस के ▶▶पान ४ पे

## बीड से दळवी परिवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ की सांत्वना भेट



बीड संवाददाता

कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री आ. हर्षवर्धन सपकाळ ने बीड के राजीव गांधी चौक स्थित दळवी परिवार के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और सांत्वना भेट दी। उन्होंने कहा कि कै. आशोक आप्पा दळवी के आकस्मिक निधन से परिवार पर जो दुःख का पर्वत टूटा है, उसमें हम पूरी तरह सहभागी हैं।

श्री सपकाळ ने कहा कि आशोक आप्पा दळवी ने सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उसे आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दळवी परिवार ▶▶पान ४ पे

## बकाया के कारण शीतकालीन सत्र की तैयारी ठप

### १५० करोड़ के बिल के लिए ठेकेदार आक्रामक

जमीर काझी

मुंबईः राज्य सरकार का नागपुर में होने वाला शीतकालीन सत्र महज १५ दिन दूर है, लेकिन उसकी तैयारी पूरी तरह से रुक गई है। पिछले साल के काम के १५० करोड़ रुपये के बिल अभी तक बकाया होने से ठेकेदारों ने काम पर बहिष्कार लगा दिया है। नतीजतन, ८ दिसंबर से शुरू होने वाले विधानमंडल के शीतकालीन सत्र पर काम-बंद आंदोलन का संकट मंडरा रहा है।

नागपुर कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबोध सरोदे ने चेतावनी दी है कि रवि भवन, विधायक निवास, हैदराबाद हाउस, देवगिरी आदि स्थानों पर चल रहे सभी काम पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे। मुख्य अभियंता, अधीक्षक अभियंता और कार्यकारी अभियंता ने जल्द बकाया भुगतान का आश्वासन दिया था, लेकिन ▶▶पान ४ पे

## बीड के धुनकवड़ में अजित पवार के काफिले की ऑक्सीजन गाड़ी का भीषण हादसा, एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल

शेख मुजफ्फर

बीड जिले के माजलगाव से धारूर मार्ग होते हुए आगे जा रहे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के काफिले की एक गाड़ी ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस दिल दहला देने वाली



घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेलगाव-धारूर रोड पर धुनकवड़ फाटे के पास हुआ। घायलों में पति-पत्नी और उनकी दो छोटी बेटियाँ शामिल हैं, जिनका इलाज अम्बाजोगाई के सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

आज दोपहर उपमुख्यमंत्री अजित पवार तेलगाव से केज जा रहे थे। इस दौरान उनके काफिले की ऑक्सीजन गाड़ी (नंबर चक ०२ ऋक्क५७३२) के चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। भोगलवाडी निवासी विष्णु सुदे की मोटरसाइकिल (नंबर चक४४ त १५१८) को काफिले के ऑक्सीजन टैंकर ने टक्कर मार दी। इस भयानक हादसे में विष्णु सुदे, उनकी पत्नी कुसुम सुदे और उनकी दो छोटी बेटियाँ गंभीर रूप से घायल हो गईं। ▶▶पान ४ पे

## इमारत होने के बावजूद स्कूल जाने का रास्ता बंद; महीनेभर से पेड़ के नीचे चल रही पढ़ाई

### पालकमंत्री अजितदादा पवार और विधायक विजयसिंह पंडित से गुहार-डॉ.गणेश ढवले





बीड (२२ नवंबर) : गेवराई तालुका के टाकरवण जिला परिषद केंद्रीय स्कूल के अंतर्गत दत्तनगर स्थित जिला परिषद स्कूल के बच्चों को प्रशासन की घोर अनदेखी के कारण पिछले एक महीने से नींबू के पेड़ के नीचे खुले आसमान में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। पक्की इमारत होने के बावजूद कुछ लोगों ने रास्ता ही बंद कर दिया है, जिससे बच्चों को रोज़ भारी परेशानी हो रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं बीड जिला सूचना अधिकार कार्यकर्ता महासंघ के मुख्य प्रचार प्रमुख डॉ. गणेश ढवले (लिंबागणेशकर) ने ईमेल के ज़रिए पालकमंत्री अजितदादा पवार और विधायक विजयसिंह पंडित को निवेदन देकर तुरंत रास्ता खुलवाने की माँग की है तथा जिला प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

६ गुंठे दान ज़मीन पर बनी इमारत - फिर भी रास्ता नहीं

दत्तनगर में यह स्कूल पहली से चौथी तक चलता है, जहाँ करीब ३४ बच्चे पढ़ते हैं। कैलास शिंदे ने गट नंबर २४६ में से ६ गुंठे ज़मीन दान की थी, जिस पर प्रशासन ने पक्की इमारत और आंगनवाड़ी बनवाई। शिक्षकों की मेहनत से ▶▶पान ४ पे

# हज कमेटी ने हज २०२६ के लिए कमर कस ली, काम-काज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के इस्तेमाल का फैसला

मुंबई, २२ नवंबर (यूएनआई)

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज २०२६ की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं और इस बार सभी कामों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (-ख) का इस्तेमाल करने का बड़ा फैसला लिया गया है ताकि राज्य हज कमेटियों और हाजियों को बेहतरीन से बेहतरीन सुविधाएँ दी जा सकें।

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव चंद्रशेखर कुमार की अध्यक्षता में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की हज कमेटियों के कार्यकारी अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें सभी अधिकारियों ने खुलकर अपनी-अपनी राज्य के हाजियों को होने वाली समस्याएँ बताईं। सचिव महोदय ने मुस्कुराते चेहरे के साथ सबकी बातें सुनीं और भरोसा दिलाया कि



हाजियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएँ देने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा।

शुरुआत में हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाहनवाज़ सी ने कहा कि पिछले साल हज बहुत अच्छे तरीके से संपन्न हुआ, इसलिए अब हज २०२६ के सीजन की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है ताकि सिस्टम को और बेहतर करने का पूरा मौका मिल जाए।

सचिव चंद्रशेखर कुमार ने साफ निर्देश दिया कि हज के सभी कामों में -ख का इस्तेमाल किया जाए ताकि हाजियों को यात्रा और ठहरने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने हर राज्य में आधुनिक सुविधाओं वाले हज हाउस बनाने की सलाह दी और कहा कि इसे जल्द से जल्द अमल में लाया जाए।

कॉन्फ्रेंस में मंत्रालय के संयुक्त सचिव राम सिंह, उप महानिदेशक आलोक कुमार वर्मा, निदेशक नाज़िम अहमद, सीईओ शाहनवाज़ सी और डिप्टी सीईओ (ऑपरेशंस) मोहम्मद नियाज़ अहमद ने हिस्सा लिया और सभी सवालों के संतोषजनक जवाब दिए।

निदेशक हज नाज़िम अहमद ने हज २०२६ की तैयारियों पर स्लाइड-शो पेश किया और अधिकारियों के सवालों के विस्तार से जवाब दिए। तीन घंटे लंबी इस कॉन्फ्रेंस में सचिव महोदय ने गहरी दिलचस्पी दिखाई और स्पष्ट कहा कि हज २०२५ में जो अनुभव और कमियाँ सामने आईं, उन्हें दूर करते हुए हज २०२६ के लिए पूरी रणनीति तैयार की जाएगी।

पंजाब, हरियाणा और नागालैंड आदि को छोड़कर जम्मू-कश्मीर से तमिलनाडु-केरल तक, यहाँ तक कि लद्दाख, मणिपुर और अंडमान-निकोबार के सीईओ भी शामिल हुए।

मुख्य मुद्दे और माँगें जो सामने आईं:

अंडमान-निकोबार के हाजी चेन्नई से प्लेन से जाते हैं, लेकिन वापसी में जहाज़ से सामान लाने में टैक्स और दिक्कत होती है।

आंध्र प्रदेश ने बुजुर्ग हाजियों को मक्का-मदीना में दूर रखे जाने की शिकायत की।

आसाम ने दूर-दराज़ इलाकों के हाजियों की समस्याएँ उठाईं।

बिहार ने कहा कि १४ हजार हाजी दिल्ली से जाएँगे, रेलवे से ▶▶पान ४ पे

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# जालना शहर में कत्ल और खून का सिलसिला जारी

## गाड़ी जलाने के शक में युवक को लोहे की रॉड से पीटा, एक हफ्ते बाद दम तोड़ा, आरोपियों की गिरफ्तारी तक परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार, कदीम जालना थाने में केस दर्ज



जालना, २२ नवंबर २०२५ (शेख अहमद शेख अकबर जालनवी)

पिछले हफ्ते शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात को भवानी नगर, जालना निवासी २० साल के युवक सागर भगवान आगलावे को उसके ही पड़ोसी रजा, विजय और आशा बोड़खे ने मोटरसाइकिल जलाने के शक में लोहे की रॉड, लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा था। आज सुबह करीब ६ बजे सागर भगवान आगलावे ज़ख्मों की गंभीरता सहन न कर पाने के कारण दम तोड़ दिया।

बता दें कि पिछले शनिवार को भी आरोपी रजा, विजय और आशा बोड़खे ने मोटरसाइकिल जलाने के शक में सागर को लोहे की रॉड से बेरहमी से मारा-पीटा था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जालना में भर्ती कराया गया था, जहाँ एक हफ्ते तक इलाज चलता रहा। लेकिन आज सुबह ६ बजे उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की पुष्टि होने के बाद सागर भगवान आगलावे के परिजनों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की माँग की और साफ कहा कि जब तक तीनों आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक सागर का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ कदीम जालना पुलिस स्टेशन में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की जाँच जारी है। जालना शहर में हत्या और खून-खराबे की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जिससे शहर में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# शिक्षा मंत्री का संवेदनशील फैसला-बाजीराव ढाकणे

बीड प्रतिनिधि : महाराष्ट्र राज्य के माननीय शिक्षा मंत्री दादा भुसे साहब ने राज्य की सभी स्कूलों में पढ़ने वाले विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता जैसी एकल महिलाओं के बच्चों की संख्या एकत्र करने के आदेश जारी करके एक अत्यंत संवेदनशील निर्णय लिया है। यह बात महा-एनजीओ फेडरेशन के बीड जिला समन्वयक तथा लेक लाडकी अभियान के श्री बाजीराव ढाकणे ने कही है।



इन महिलाओं की कम शिक्षा, रोजगार के साधन न होना, सास-ससुराल और मायके से कईयों को कोई सहारा न मिलना - ऐसी परिस्थिति में वे अपने बच्चों को ज्यादा पढ़ा नहीं पातीं। यह बात माननीय शिक्षा मंत्री दादा भुसे के ध्यान में लाई गई थी। उसी धागे को पकड़ते हुए मंत्री महोदय ने तुरंत उचित प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए महा-एनजीओ फेडरेशन महाराष्ट्र राज्य और लेक लाडकी अभियान महाराष्ट्र राज्य की ओर से बाजीराव ढाकणे ने माननीय मंत्री भुसे साहब के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बीच में शिक्षा मंत्री जी के साथ हुई बैठक में इन महिलाओं का दुःख बताया गया और उनके बच्चों के लिए कुछ करने की विनती की गई थी। खास बात यह है कि इन महिलाओं के लिए कुछ करने का विचार पहले से ही उनके मन में था - यह उन्होंने खुद बताया और उसी के अनुरूप तुरंत कदम भी उठाया।

शिक्षा विभाग में स्कूलों में सभी वंचित वर्गों का डेटा रहता है, लेकिन अब तक एकल महिलाओं के बेटे-बेटियों की अलग से कोई आंकड़ा-गणना नहीं थी। इसलिए सटीक संख्या सामने न होने से इन बच्चों की शिक्षा के लिए कोई नीतिगत निर्णय नहीं लिया जा सकता था।

अब हर स्कूल और पूरे राज्य में कितने एकल महिलाओं के बच्चे हैं - यह आंकड़े आने के बाद शिक्षा विभाग इन बच्चों की पढ़ाई के लिए ठोस निर्णय ले सकेगा।

उदाहरण के लिए - १०वीं-१२वीं की फीस माफ करनी हो, तो अब तक संख्या ही पता नहीं थी। अब इस संख्या के आधार पर एकल महिलाओं के बच्चे अपने आप एक अलग एजेंडा बन जाएगा। स्कूल के शिक्षक भी अपनी स्कूल में ऐसे कितने बच्चे हैं यह देखकर उन्हें पढ़ाई का सामान, फीस माफी, शैक्षिक भ्रमण आदि हर मामले में पहले से कहीं ज्यादा सजगता से मदद करेंगे।

वर्तमान में एकल महिलाओं के दो बच्चों को बाल संगोपन योजना के तहत प्रति बच्चा २,२५० रुपये प्रतिमाह मिलते हैं, लेकिन अधिकांश एकल महिलाओं को इस योजना का पता ही नहीं है। हमारे राज्य के शिक्षक अगर सिर्फ इस योजना की जानकारी भी इन महिलाओं तक पहुँचा दें, तो हजारों बच्चों को सालाना २७,००० रुपये मिलने लगेंगे। एकल महिलाएँ अक्सर अपने बच्चों को ज्यादा नहीं पढ़ा पातीं, बेटियों का बाल-विवाह कर देती हैं। लेकिन इतनी बड़ी राशि नियमित मिलने लगे तो निश्चित रूप से वे बेटे-बेटियों को जरूर पढ़ाएंगी।

एकल महिलाओं के बच्चों की संख्या मँगवाने से पूरा शिक्षा विभाग संवेदनशील हो जाएगा, इसलिए यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें मंत्री महोदय के निजी सहायक ने भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

माननीय हेरंब दादा कुलकर्णी के मार्गदर्शन में साऊ एकल महिला समिति के माध्यम से हम पूरे राज्य में एकल महिलाओं के लिए काम करते हैं, उन्हें विभिन्न योजनाएँ दिलवाते हैं। लेकिन उनके बच्चों की शिक्षा के लिए शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने जो पहल की है, वह हमारे सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने वाली है। इसलिए साऊ एकल महिला समिति की ओर से माननीय शिक्षा मंत्री महोदय के प्रति हार्दिक प्रकट किया।

# सममेद शिखर यात्रा से कुशल वापसी।

दि : २२
(बीड महाराष्ट्र -वैभव जैन)

झारखंड के गिरिडीह जिले मे मधुबन स्थित जैन धर्मीयोंका पवित्र तीर्थस्थल सम्मेद शिखर है!इस शाश्वत भूमी कि पावन तीर्थवंदना करणे के लिये दि १३ नवंबर से १८ नवंबर तक बारावी श्रीसम्मेद शिखरजी तीर्थयात्रा का आयोजन श्री दिगंबर जैन तीर्थयात्रा संघ दिल्ली द्वारा किया गया था! पवनजी गोधा के मुख्य नेतृत्व मे यह पावन यात्रा बडे हि हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई ! इस ऐतिहासिक तीर्थयात्रा कई राजयोंसे ग्यारा हजार से अनेक जैन श्रद्धालू एक हि दिन मे सम्मिलीत हुए थे ! जिसमे अनेक धार्मिक कार्यक्रमका आयोजन किया गया था दि : १५ नवंबर को आचार्यश्री समयसागरजी महाराज के सानिध्य मे श्रीसम्मेद शिखर विधान किया गया इस समय सभी जैनीयोने उत्साहित होकर पुण्यार्जन किया! एवं शाम कि बेला मे इंदौर कि साधना मादावत द्वारा भव्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया! दि १६ नवंबर को सभीने एक साथ तीर्थराज कि पावन वंदना कि,इस समय पुरा पर्वतराज



पारसनाम के जयजकार से गुंज उठा इस अनोखे तीर्थवंदना मे सभीने आत्मोल्हास के साथ दर्शन किये ! सुवर्णभद्र कूट जहासे पारसनाथ भगवान का निर्वाण हुआ वह टोंक पर इस यात्रा के मुख्य आयोजक पवनजी गोधा एवं रुपेशजी जैन के कर कमलो द्वारा विशेष पूजन अर्चना संपन्न कराई गयी ! एवं रात्री मे भजन सम्राट रुपेशजी जैन द्वारा भव्य प्रस्तुतीया सादर कि गयी ! जिसका सभी ने बहोत आनंद लिया सभिके मन प्रसन्न होकर झूम उठे! इस समय आयोजक पवनजी गोधा एवं भारतवर्षीय दिगंबर तीर्थयात्रा संघ द्वारा सत्कार कि कडी मे जिनका इस यात्रा के दरम्यान अनमोल सहकार्य हुआ ऐसे इचलकरंजी वाले कासलीवालजी,सदलगा के राजेंद्रजी प्रधान,धर्मप्रेमी श्रावक श्रेष्ठ मुकेशजी एवं चंदनबाला पाटोदि(इंदौर)राकेशजी-सुनीता सोना(सोना दीदी)इन सभी का विशेष सन्मान किया गया! इस यात्रा मे विशेष सहयोग रहा ऐसे मुकेशजी जैन,एवं जो व्यक्ती ने ५० साल मे प्रथम बार वंदना कि है ,एवं ८ साल के अंदर के नन्हें बालक का विजयजी चांदीवाले कि तरफ से एक चांदी का सिक्का देकर सन्मान किया गया! इस तीर्थयात्रा के मुख्य संयोजक थे पवनजी-प्रीती गोधा पियुषजी -निम्मी जैन,विजयजी विना-जैन चांदीवाले,वीरेंद्रजी -पायल सोनी दिल्ली,मुकेशजी -चंदनबाला पाटोदि इंदौर,महावीरप्रसादजी सूर्यकांता कासलीवाल,संजू-प्रीती कासलीवाल इचलकरंजी, राजेशजी-पुष्पा जैन, जिनराजजी -मंजू डालमिया, ऋषभकुमारजी ,विजयकुमारजी जैन ,ज्ञानचंदजी -ललिता काला,राजेशजी-नीलम जैन,चमनलालजी जैन,गौरवजी जैन,अमितजी जैन,शरदराजजी कासलीवाल इन सभी मुख्य आयोजक का भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थयात्रा संघ कि ओर से बहोत बहोत धन्यवाद इन्हीके कारण यह मंगल यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई!

इस संपूर्ण यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओकि खान पान कि एवं रहणे कि उचित उत्तम व्यवस्था कराई गयी इसलिये मनीष इव्हेंट्स का संघ कि ओर से धन्यवाद! संपूर्ण भारत से आये हुए श्रद्धालूने सभी आयोजको के एवं सोनादीदी -सुनीता राकेशजी जैन के आभार व्यक्त किये जिन्होने पुरे सफर मे सबको सहयोग किया! साथ हि मे शैलेश भाई जैन छत्रपती संभाजी नगर इनका भी काफी सहयोग रहा!

# शेवगाव नगरपरिषद के लिए छह उम्मीदवारी फाइनल!

## इस बार नगराध्यक्ष पद पर असली चौकोनी टक्कर

अहिल्यानगर/ संवाददाता

शेवगाव नगरपरिषद के नगराध्यक्ष पद की चुनावी रणभूमि में इस बार सच्ची चौकोनी जंग देखने को मिलेगी। शहर भर में समझौते की राजनीति होने की चर्चा जोरों पर है। भाजपा के प्रदेश महासचिव अरुण मुंढे को स्थानीय स्तर पर आंतरिक विरोध के कारण टिकट नहीं मिल सका, इसलिए उनकी पत्नी माया मुंढे शिवसेना (शिंदे गट) की आधिकारिक उम्मीदवार बन गईं।

दूसरी ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गट) और भाजपा ने अपनी-अपनी अलग पैनल खड़ी कर दी है। शिवसेना (शिंदे गट) ने भी नगराध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार उतारा है, जिससे महायुती में साफ-साफ फूट नजर आ रही है।

नगराध्यक्ष पद के लिए कुल छह उम्मीदवार अंतिम रूप से मैदान में हैं:

रत्नमाला फलके (भाजपा)
परवीन काझी (राष्ट्रवादी - शरद पवार गट)
विद्या लांडे (राष्ट्रवादी - अजित पवार गट)
माया मुंढे (शिवसेना - शिंदे गट)
विद्या गाडेकर (अपक्ष)
वंदना भारदे (अपक्ष)

नाम वापसी के आखिरी पल तक 'मालिक और चेले' के बीच तालमेल नहीं बन पाया, इसलिए सभी ने अलग-अलग लड़ने का फैसला कर लिया।

आने वाली नगराध्यक्ष चुनाव निश्चित रूप से चौकोनी लड़ाई होगी, इसमें कोई शक नहीं। लेकिन वोटों की जोड़-तोड़ और रणनीति बनाने में हर उम्मीदवार को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। फिलहाल सभी उम्मीदवारों ने जोर-शोर से प्रचार शुरू कर दिया है और शेवगाव में चुनावी उत्साह चरम पर पहुँच गया है।

पान १ वरून

### मुंबई सिर्फ अदाणी, लोढ़ा...

कार्यकर्ताओं ने आक्रामक रुख अपनाते हुए साटम के अंधेरी स्थित कार्यालय पर धावा बोला और ज़ोरदार नारेबाजी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जवाबी नारेबाजी की, जिससे इलाके में कुछ देर तनाव रहा। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बांद्रा थाने ले गई।

मुंबई युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश यादव, हरगुन सिंह, विक्रम सिंह, फहीम शेख, जिला अध्यक्ष भावना जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इसमें हिस्सा लिया।

वर्षा गायकवाड़ ने कहा, पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया और सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर काम कर रही है। कांग्रेस ऐसी दमनकारी नीति से डरने वाली नहीं है। असलम शेख को खुलेआम धमकाने वाले साटम पर कार्रवाई करने की हिम्मत पुलिस में नहीं है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। ऐसा कड़ा इशारा भी उन्होंने दिया।

------

### हज कमेटी ने हज २०२६ के ...

संपर्क कर आरक्षण आसान किया जाए।

दिल्ली ने स्थायी हज हाउस बनाने की माँग की (अभी तुर्कमान गेट वाला किराए का है)।

गुजरात ने मदीना में आवास आवंटन में देरी और मिना में ज्यादा शौचालयों की जरूरत बताई।

राजस्थान ने मिना में टेंट न मिलने से पेड़ों के नीचे रहने की शिकायत की।

तमिलनाडु ने माँग की कि एक परिवार को एक ही मंज़िल पर रखा जाए।

महाराष्ट्र ने मदीना में ४० नमाज़ें पूरी करने की सुविधा माँगी।

सचिव महोदय ने सभी सुझाव सकारात्मक तरीके से लिए और कहा कि हर राज्य में हज हाउस होना चाहिए तथा हज २०२६ को पूरी तरह खामियों से मुक्त बनाने के लिए व्यापक योजना बनाई जाएगी।

---------

### बीड से दळवी परिवार का...

के सभी सदस्यों से आत्मीयतापूर्वक मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रभार
ी श्री रवींद्र दळवी के बड़े भाई एड. दिलीप दळवी को भी उन्होंने सांत्वना दी।

भेट के दौरान पूर्व सांसद तुकाराम रेंगे पाटील, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र राख, जिला अध्यक्ष राहुल सोनवणे, शेगाव देवस्थान के रामविजय बुरंगले, दादासाहेब मुंढे और कैलास रकटे पाटील उपस्थित थे।

------

### बकाया के कारण शीतकालीन...

अब तक सिर्फ २० करोड़ रुपये ही दिए गए हैं, जो बिजली-पानी के बिल चुकाने तक के लिए भी पर्याप्त नहीं हैं।

सार्वजनिक निर्माण विभाग ने लिखित बयान में कहा है कि भवनों के रखरखाव और मरम्मत के लिए नागपुर मंडल को करीब १९४ करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिनमें से १५१.१९ करोड़ पिछले साल ही जारी किए गए थे। शीतकालीन सत्र की पूर्व-तैयारी के लिए २० करोड़ और रखरखाव-मरम्मत के लिए अतिरिक्त २२.७६ करोड़ (कुल ४२.७६ करोड़) नागपुर विभाग को दिए गए हैं।

सत्र के लिए रुके हुए प्रमुख काम

नागपुर सिविल लाइंस इलाके में हैदराबाद हाउस की बैरक का छत पूरी तरह खुला पड़ा है।

रवि भवन में चार कॉटेज की नई छतें बन रही हैं।

मंत्रियों के केबिन का काम अधूरा है।

वन विभाग चौक से बोर्ड ऑफिस चौक तक सड़क का काम भी आधा-अधूरा है।

सभी काम १ दिसंबर तक पूरे होने थे। यदि काम बंद हुआ तो सत्र पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है।

ठेकेदारों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

विभाग के दावों को खारिज करते हुए सुबोध सरोदे ने कहा, पिछले साल का पैसा तो नियमित रखरखाव का था। सत्र के लिए विशेष कामों का भुगतान अभी भी बकाया है। हमने यह मामला मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुँचाया है। शुक्रवार को निवेदन देकर काम-बंद आंदोलन की चेतावनी भी दे दी है।

-------

### बीड के धुनकवड़ में अजित पवार के काफिले...

तुरंत अम्बाजोगाई पहुंचाया गया

हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए धारूर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के इलाज के लिए अम्बाजोगाई के सरकारी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया।

मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

इस घटना से तेलगाव-धारूर रोड पर कुछ देर तक जाम लगा रहा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि काफिले की गाड़ियों की तेज रफ्तार और लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। एक साधारण परिवार पर आई इस मुसीबत पर इलाके में शोक और गुस्से का माहौल है। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है और चालक तथा वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

--------

### इमारत होने के बावजूद स्कूल...

बच्चों में पढ़ने का शौक जागा था, लेकिन रास्ता बंद होने से पूरी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है।

आसपास बढ़ी बस्ती ने रास्ता ब्लॉक कर दिया

इमारत बनने के बाद इलाके में भारी आबादी बढ़ी। कुछ लोगों ने अपनी ज़मीन के चारों ओर तार की फेंसिंग कर पूरी राह ही बंद कर दी। नतीजा - बच्चे स्कूल को सामने देखते हैं, लेकिन पहुँच नहीं पाते।

एक महीने से बच्चों की ये मजबूरी

नींबू के पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई

खुले में मिड-डे मील

पीने का पानी नहीं

शौचालय, पंखा, बिजली कोई सुविधा नहीं

इससे सर्दी-खाँसी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

शिक्षक-पालक परेशान, प्रशासन मौन

मुख्याध्यापक गणेश भुंबे ने बताया, बार-बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न कोई निर्णय, न कोई समय-सीमा। अभिभावक और ग्रामीण भी इस लापरवाही से बेहद नाराज़ हैं।

डॉ. गणेश ढवले की माँगें

स्कूल के लिए तुरंत रास्ता खोलकर उपलब्ध कराया जाए

बच्चों की सुरक्षा और नियमित शिक्षा की ज़िम्मेदारी प्रशासन ले

लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो

जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharash-tra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com